देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ... ™

# JAWAB DO SARKAR

www.jawabdosarkar.com

जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जारी
सूचना प्रोद्योगिकी(मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता)नियम,2021 के नियम 18 के तहत संचालित पोर्टल

रेफरेंस संख्या –2022/mmp/25 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | रविवार, 19 जून 2022

# बिल्डर करवा रहा आवासीय निर्माण स्वीकृति की आड़ मे व्यवसायिक बिल्डिंग का निर्माण!!!

# जेडीए के प्रवर्तन अधिकारी ही दे रहे अवैध निर्माणों को संरक्षण!!!

भाग-1

## प्रवर्तन अधिकारी व्यवसायिक बिल्डिंग के निर्माण को बता रहे आवासीय निर्माण!!!

## जेडीए के ज़ोन-5 मे स्थित आवासीय भूखंड संख्या 408-409 निर्माण नगर,ए पर आवासीय निर्माण स्वीकृति की आड़ मे हो रहे व्यवसायिक निर्माण का मामला!!!



जेडीए के ज़ोन-5 मे स्थित आवासीय भूखंड संख्या 408-409 निर्माण नगर,ए पर

आवासीय निर्माण स्वीकृति की आड़ मे हो रहे व्यवसायिक निर्माण का मामला!!!

## जेडीए के ज़ोन 5 मे स्थित भूखंड संख्या 408-409 निर्माणनगर ए,बी, मे आवासीय निर्माण स्वीकृति की आड़ मे हो रहे व्यवसायिक निर्माण का मामला!!

आपको बता दें कि जेडीए के ज़ोन 5 मे स्थित भूखंड संख्या 408-409 निर्माणनगरए,बी, मे आवासीय निर्माण स्वीकृति की आड़ मे व्यवसायिक निर्माण करवाया जा रहा है|यह मामला हमारे द्वारा दिनांक 26/02/2022 को जेडीए के जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान मे लाया गया था,जिसका जवाब देते हुए संबन्धित ज़ोन 5 मे प्रवर्तन अधिकारी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा दिनांक 11/03/2022 को मौका देखा गया,मौके पर बेसमेंट व ग्राउंड का निर्माण चल रहा है,जो उन्हे आवासीय प्रतीत हो रहा है,व बिल्डिंग लाइन मे है|

जबकि बिल्डर द्वारा इस भूखंड पर आवासीय निर्माण स्वीकृति की आड़ मे खुलेआम व्यवसायिक निर्माण किया जा रहा है और मौके पर बेसमेंट,ग्राउंड सहित 3 तलो का निर्माण कर लिया गया  है,स्थानीय निवासियों के अनुसार बिल्डर द्वारा किराए पर देने के लिए इस बिल्डिंग मे शोरूम,दुकाने बनाई गयी है|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | Jaipur Development Authority (J D A) , Enforcement Officer , ( Zone-III ) , Enforcement Officer - 5 | , , , | Partially Special Closed | 13-Mar-2022 | प्राप्त प्रकरण में दिनांक ११-०३-२०२२ को मौका देखा गया मौके पर बेसमेंट व ग्राउंड का निर्माण चला रहा है जो आवासीय प्रतीत हो रहा है व बिल्डिंग्ज लाइन में है |

इस मामले मे सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इस अवैध व्यवसायिक बिल्डिंग को जानबूझकर जेडीए के प्रवर्तन अधिकारी क्यूँ शह दे रहे है?हो सकता है कि संबन्धित प्रवर्तन अधिकारी द्वारा इस बिल्डिंग का मौका मुआइना किया गया हो तब इसकी निर्माण प्रकृति का अंदाजा लगाना मुश्किल हो लेकिन अब तो बिल्डिंग को देखने से ही स्पष्ट होता है कि यह व्यवसायिक निर्माण है|ऐसा नहीं है कि यह बिल्डिंग किसी कौने मे बन रही हो जहां का निरीक्षण करना रोज रोज की बस की बात नहीं हो|यह बिल्डिंग तो श्याम नगर की प्रमुख रोड पर बन रही है,जहां से इन प्रवर्तन अधिकारी की सरकारी गाड़ी दिन मे एक बार तो निकलती ही है|

इतना ही नहीं बिल्डर द्वारा गुमराह करने के लिए मौके पर एक बोर्ड और लगा रखा है जिसमे लिखा हुआ है कि यह बिल्डिंग जेडीए से अनुमोदित है|जबकि नियमों के अनुसार बिल्डर को स्वीकृत नक्शे साइट पर सार्वजनिक रूप से लगाने थे|देखना यह है कि इस मामले को जेडीए के मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक श्री रघुवीर सैनी के संज्ञान मे लाने के बाद ज़ोन के प्रवर्तन अधिकारी उन्हे क्या जवाब देकर गुमराह करते है|